# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ अंक : ४१ मुंबई, शुक्रवार, १४ सितंबर से २० सितंबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 पृष्ठ : ४ मूल्य : २/- रुपये

## माल्या की जेटली से मुलाकात पर हंगामा

**नई दिल्ली :** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने बुधवार को बड़ा दावा किया कि भारत छोड़ने से पहले वह वित्त मंत्री से मिले थे। माल्या के इस दावे को विपक्षी दलों ने हैरत में डालने वाला बताया और मोदी सरकार और अरुण जेटली पर जमकर हमले किए। जेटली ने सफाई दी कि माल्या झूठ बोल रहे हैं, २०१४ के बाद से मैंने उन्हें (माल्या) मिलने का वक्त ही नहीं दिया। बाद में माल्या ने अपने दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि जेटली से मेरी औपचारिक मुलाकात नहीं हुई थी। मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

माल्या बुधवार को प्रत्यर्पण की सुनवाई के लिए लंदन के वेस्टमिंस्टर मैजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंचे, तो पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें देश से भागने के लिए आगाह किया गया था। इस पर माल्या ने कहा कि जिनीवा में अपनी मीटिंग के लिए मैं भारत से रवाना हुआ। इससे पहले मैं वित्त मंत्री से मिला था और (बैंकों के साथ) सेटलमेंट की पेशकश दोहराई थी। माल्या ने २०१६ में भारत छोड़ दिया था और तब अरुण जेटली ही वित्त मंत्री थे। अपने ब्लॉग में जेटली ने लिखा कि वह राज्यसभा सदस्य थे और कभी-कभी सदन में आते थे। सदन की कार्यवाही के बाद एक बार मैं अपने कमरे की तरफ जा रह था। वह दौड़ते हुए मेरी तरफ आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं सेटलमेंट के लिए एक ऑफर



तैयार कर रहा हूं। मैंने उनके ऑफर को जानने की भी कोशिश नहीं की। माल्या के दावे पर कांग्रेस ने कहा कि हम बार-बार कह रहे हैं कि माल्या, नीरव मोदी और कई अन्य को जानबूझकर बाहर जाने दिया गया। भगोड़ों का साथ और लुटेरों का विकास ही भाजपा का एकमात्र लक्ष्य है। वहीं, AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि नीरव मोदी के देश छोड़कर जाने से पहले पीएम उनसे मिलते हैं। विजय माल्या के देश से छोड़कर जाने से पहले वित्त मंत्री उससे मिलते हैं। इन बैठकों में क्या पकाया जा रहा था/ जनता यह जानना चाहती है। भाजपा के पूर्व नेता यशवंत सिन्हा ने कहा कि समूची भाजपा को माल्या से रिश्तों पर सफाई देनी चाहिए। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी सरकार घोटालेबाजों और भगोड़ों के साथ हाथ मिलाए है। माल्या के दावे से विपक्ष को मिला बारूद जेल के विडियो से प्रभावित माल्या ने मीडिया से कहा कि वह कोर्ट में दिखाए गए मुंबई की जेल के विडियो को देखकर प्रभावित हैं। मुंबई की आर्थर रोड जेल की १२ नंबर बैरक को जेल प्रशासन ने अच्छी तरह संवारा है। बता दें कि माल्या ने कहा था कि भारतीय जेलों की हालत बेहद खराब है, इसलिए उसे भारत को न सौंपा जाए। प्रत्यर्पण से बचने के लिए माल्या की इस दलील के बाद ब्रिटिश कोर्ट ने भारतीय अधिकारियों से जेल का विडियो पेश करने को कहा था। एक बार संसद भवन के गलियारे में वह (माल्या) दौड़ते हुए मेरे पास आए और कहा कि मैं सेटलमेंट का ऑफर तैयार कर रहा हूं, लेकिन मैंने कहा कि आप बैंकों के सामने इसे रखें।

## के/पश्चिम विभाग के अंतर्गत अवैध बांधकाम जोरों पर




**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** सुरेश ऑटो क्राफ्ट, दुकान नं. ३३३, एस. व्ही. रोड, सबवे के पास, अंधेरी (प.), मुंबई-४०० ०५८. यह दुकान व्यावसायिक है इसकी ऊंचाई २० फिट से भी अधिक है, जोकि बी.एम.सी. के नियमों को तोड़कर बनाया गया है। बी.एम.सी. के नियमों का उलंघन करके पक्का बांधकाम किया गया है जोकि बिल्कुल अवैध है। भविष्य में यह इमारत कभी भी गिर सकती है क्योंकि इस इमारत के पीछे रेल्वे का आवन जावन है जिसके कारण इमारत कभी भी गिर सकती है और आम जनता को जान की हानी हो सकती है।

याद दिला दें गत महीने पहले यही वह जगह है जहां भीषण आग लगी थी और काफी नुकसान हुआ था। परंतु इसके बावजूद प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है। इसकी शिकायत हमने मनपा के/पश्चिम के सहायक आयुक्त व अतिक्रमण विभाग से की थी। अगले ही दिन इसके ऊपर तोड़क कार्रवाई हुई, परंतु ये नाकाफी था। भविष्य में ये इमारत से लोगों की जान हानि हो सकती है, जिस पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## ओशिवरा पुलिस स्टेशन अंतर्गत देर रात तक चल रहे हैं हुक्का पार्लर

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** जब कभी मुंबई में क्राईम बढ़ा है तो उसकी वजह छोटी ही होती है मगर गुनाह बढ़ा होता है जिसकी वजह से बड़े बड़े आई.पी.एस. अधिकारियों का तबादला हो जाता है । हम यहाँ सिर्फ आपको यह बताना चाहते हैं कि आज मुंबई शहर में हर गली हर नाके पर एक हुक्का पारर्लर खुला है और इनकी पैदावार बढ़ती ही जा रही है इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ पोलिस और समाज सेवा शाखा जो इसे नज़र अंदाज कर रही है । जिसकी वजह से इनकी



तादाद बढ़ती जा रही है ।

गत दिनों पहले निंदयी घटना मुंबई शहर में घटी थी १) परेल में हुक्का पार्लर में भीषण आग लगने की वजह से कई युवा और युवतियों की जान चली गई थी २) गोरेगांव में कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने एक युवा को जान से मार दिया था। ३) हाल ही में अंधेरी लिंक रोड के हुक्का पार्लर में देर रात फायरिंग हुई थी। इन घटनाओं के बाद कुछ सामाजिक लोगों ने हुक्का पार्लर की आर.टी.आई. मुंबई पोलिस आयुक्त को की थी जिस के जवाबी पत्र में लिखा था कि हुक्का पार्लर को मुंबई पोलिस ने कोई भी अनुमती नहीं दी है। मुंबई पोलिस की अनुमती नहीं है तो फिर यह हुक्का पारर्लर किसकी छत्र छाया में आवैध तरीके से चलाये जा रहे हैं?

इतनी सारी घटना घटने के बावजूद मुंबई के ओशिवरा पोलिस स्टेशन के अंतर्गत हुक्का पार्लर देर रात तक चलाये जा रहे हैं। इन अवैध हुक्का पार्लरों की शिकायत पत्र के माध्यम से ओशिवरा पुलिस स्टेशन व एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस, वेस्ट रीजन को की गई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस शिकायत पर कार्रवाई कब होती है और अवैध हुक्का पार्लर कब बंद होते हैं?

### उत्तर पश्चिम एडिशनल कमिश्नर राजेश प्रधान के क्षेत्र में जोन -११ और १२ के अंतर्गत

## क्लब ९ न्यू पार्क साईट, उत्सव- एस. ४ यू, रंगोली, दावत, तकिला, चाईना गेट बीयर बार में चल रहा है अश्लील डांस

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में तकिला, चाईना गेट, कांदिवली पुलिस स्टेशन में - एस. ४ यू, रंगोली, दावत और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत क्लब ९, न्यू पार्क साईट, उत्सव बीयर बार हैं जहां कानून को ताक पर रखकर अश्लील डांस का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से कुछ बीयर बार ऐसे हैं, जो सुबह ४ बजे तक खुले रहते हैं। इन बीयर बारों में देर रात तक चल रहा है अश्लील डांस। इन बारों में एक ही फ्लोर (स्टेज) पर ४ से अधिक (८,१०,१२) बार बालाएं डांस करती नजर आती हैं। बार मालिक के आदेश पर चल रहा है देर रात तक अश्लील डांस। इन बीयर बारों में कानून द्वारा बनाए गए आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए बार मालिक अपने मन से चला रहे हैं बार। इस गोरख धंधे से स्थानिक लोग भी परेशान हैं। यह



बीयर बार कानून को मुंह चिढ़ाता हुआ, कई बार बालाओं से अश्लील डांस व उस डांस पर गाढ़ी कमाई (नोट) को उडाते ग्राहक नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने यहां पर छापामारी नहीं की है, वक्त बे वक्त पुलिस यहां पर छापामारी करती है, परंतु अगले ही दिन यह बार अपने शबाब पर चालू हो जाता है, इन्हें कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं। इतना ही नहीं इन्होंने बार के बाहर अपने कुछ आदमी खडे रखे हैं, इन्हें जैसे ही शक होता है कि पुलिस की रेड है तो ये लोग एक बटन दबा देते हैं। जिसका अलार्म या रोशनी बार में जलती है और लड़कियां यहां से भाग जाती हैं, यह सिग्नल होता है कि पुलिस अंदर आ रही है, ऐसे ये लोग पुलिस की रेड नाकाम कर देते हैं। इसकी शिकायत जोन -११ और १२ के पुलिस उपायुक्त को पत्र के माध्यम से की गई है। देखने वाली बात ये होगी कि पुलिस इन बारों को कानून व्यवस्था में लाने में सफल होती है या असफल?

## वार्ड क्र.७८ की गंभीर समस्याएं

### शासन-प्रशासन कर रही है नजरअंदाज-मुराद हुसैन अन्सारी

**जाफर शेख**

**मुंबई ।** पैगामे हक ट्रस्ट वार्ड क्र.७८ के मुराद हुसेन अन्सारी ने मनपा के संबंधित विभागों को पत्र भेजकर जानकारी दी है कि क्षेत्र के स्ट्रीट लाईट्स कई महीनों से बंद हैं। इससे स्थानीय क्षेत्र में परेशानी हो रही है।



मुराद हुसैन अन्सारी क्षेत्र की जन समस्याओं में प्रति जन प्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन मो. समय समय पर अवगत कराते रहते हैं, जिससे क्षेत्र से लोगों का सहयोग इन्हें मिलता रहता है। वहीं वार्ड क्र. ७८ की समस्याओं से प्रति शासन-प्रशासन की लापरवाही से लोगों में आक्रोश फैलता जा रहा है।

मुराद हुसैन अन्सारी पैगामे हक ट्रस्ट द्वारा दिये हुए पत्रों की जानकारी दिनांक ०६-०९-२०१८ को वार्ड क्र. ७८ ऑफिस, दिनांक ०७-०९-२०१८ नगरसेविका, दिनांक ०९-०९-२०१८ को विधायक रविंद्र वायकर, दिनांक ०९-०९-२०१८ को एम.पी. गजानन कीर्तिकर, ऑनलाईन कंप्लेन नं. ०७२२२७३८८८



**गणपति बापा मोरया... विघ्नहर्ता श्री गणेश की स्थापना नितीन नारायण खडतरे के निवास स्थान पर किया गया है। चित्र में बाप्पा के दर्शन कर पंडित जी से प्रसाद ग्रहण करते हुए श्री खडतरे।**









## संपादकीय...

# 'बंद' की सियासत

*देश में आज अगर पेट्रोल और डीजल के बढ़ते मूल्य एक बार फिर राजनीतिक मसला बन गए हैं, तो यह स्वाभाविक ही है। चूंकि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं और केंद्र सरकार कोई कदम उठाती नहीं दिख रही, इसलिए विपक्ष का इस मुद्दे पर हमलावर होना समझ आता है, लेकिन अच्छा हो कि विपक्षी दल और खासकर कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि इस पर भारत बंद के आयोजन से उसे या फिर आम जनता को क्या हासिल हुआ? आखिर ऐसा भी नहीं है कि लोगों को इसकी जानकारी न हो कि पेट्रोल एवं डीजल के मूल्य किस तरह लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। भारत बंद आयोजित करते हुए ऐसे आरोप उछालना सस्ती राजनीति के अलावा और कुछ नहीं कि सरकार लोगों को लूटने में लगी हुई है। क्या जब संप्रग सरकार के समय एक बार पेट्रोल के दाम ७० रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गए थे, तब ऐसा ही किया जा रहा था?*

*इस मुद्दे पर भारत बंद का आयोजन करने वाले कांग्रेस और अन्य दल इस पर प्रकाश डाल सकें तो बेहतर है कि सरकार को आम जनता को राहत देने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए? यदि विपक्षी दल यह चाह रहे हैं कि केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाए जाने वाले करों में कमी करे, तो फिर राज्य सरकारों को भी इसमें भागीदार बनना होगा। क्या वे इसके लिए तैयार हैं? यदि हां, तो फिर क्या कारण है कि अभी तक आंध्र को छोड़कर विपक्ष शासित किसी अन्य राज्य यहां तक कि कर्नाटक या पंजाब ने पेट्रोल व डीजल पर वैट की दरें घटाने का काम नहीं किया है? आखिर वे पेट्रोल व डीजल पर वैट की दरें घटाकर जनता को राहत देने के साथ ही केंद्र के समक्ष कोई नजीर पेश क्यों नहीं कर रहे हैं? बहरहाल, एक और भारत बंद का चाहे जो असर हो, मोदी सरकार यह कहकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं कर सकती कि पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय कारणों से हो रही है। यह सही है कि कच्चे तेल के मूल्यों में वृद्धि ईरान, वेनेजुएला और तुर्की के संकटग्रस्त होने के कारण हो रही है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि भारत सरकार पेट्रोल एवं डीजल के मूल्य बढ़ते हुए देखती रहे। उसे यह आभास होना चाहिए कि महंगा पेट्रोल और डीजल आम जनता को परेशानी में डालने के साथ ही महंगाई के सिर उठाने का जरिया बन रहा है। सरकार की ओर से किसी समस्या के कारणों को रेखांकित करना भर पर्याप्त नहीं और ऐसे बयानों का तो कोई मतलब ही नहीं कि भारत जैसा बड़ा देश बिना सोचे-समझे एक झटके में कोई कदम नहीं उठा सकता। अगर सरकार पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के उपाय कर रही है तो यह अच्छी बात है, लेकिन उसे यह पता होना चाहिए कि ऐसे उपाय रातोंरात अमल में नहीं लाए जा सकते। माना कि इस वक्त डॉलर के मुकाबले रुपए की लगातार गिरती कीमत ने सरकार के विकल्प सीमित कर दिए हैं, लेकिन वह इसकी अनदेखी नहीं कर सकती कि अगर पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि का सिलसिला थमा नहीं तो महंगाई बेलगाम हो सकती है और चुनावी माहौल में यह उसके लिए कहीं बड़ा संकट होगा।*



# भंसाली ने अपनी फिल्म में बढ़ाई ख़ूबसूरती, अब ये चेहरा भी शामिल

**संजय** लीला भंसाली अब भी अपनी फिल्मों में कलाकारों का चयन करते हैं तो वो एक दांव जैसा होता है और हर बार लगभग फिट बैठ ही जाता है। इस बार उनके प्रोडक्शन में बन रही फिल्म में दो नए चेहरे लॉन्च हुए हैं और अब ज़ोया मोरनी के रूप में ग्लैमर का एक और तड़का भी शामिल हो गया है।

हाल ही में हमने आपको बताया था कि ऋषि और अनिल कपूर के बच्चों सहित कई चेहरों को बॉलीवुड के मैदान में लाने वाले संजय लीला भंसाली अब अपनी अगली प्रोड्यूस फिल्म ट्यूसडेज़ एंड फ्राईडेज़ में पूनम ढिल्लन के बेटे अनमोल को लॉन्च कर किया हैं, जिनकी पहली फिल्म की शूटिंग चल रही है। उसके बाद भंसाली की इस फिल्म में झटलेका मल्होत्रा को अनमोल के अपोज़िट लीड रोल में शामिल किया गया है। झटलेका ने साल २०१४ में मिस इंडिया इंटरनेशनल का ख़िताब जीता था। अब इस फिल्म में ज़ोया मोरानी भी शामिल हो गईं हैं। शिवम् नायर की फिल्म भाग जॉनी से लीड रोल में डेब्यू करने वाली ज़ोया इस फिल्म में लंदन में बसी एक एनआरआई लड़की की भूमिका में होगी। तरणवीर सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म ट्यूसडेज़ एंड फ्राईडेज़ की लंदन में चल रही शूटिंग में ही ज़ोया शामिल होंगी। सिनेयुग के प्रमुख करीम मोरानी की बेटी ज़ोया मोरानी ने शाहरुख़ खान की फिल्म ओम शांति ओम और हल्ला बोल में असिस्टेंट का काम किया था उन्होंने सबसे पहले आलवेज़ कभी कभी में भी काम किया.ये फिल्म चार किरदारों पर आधारित है।

# कल ही दी सुपरहिट फिल्म और आज ही लीक अगली फिल्म का FIRST LOOK, धमाकेदार बायोपिक



**श्रद्धा** कपूर ने कल ही २०१८ को उसकी अगली सुपरहिट फिल्म दी है। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर हॉरर कॉमेडी स्त्री ३२ करोड़ कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तीन ही दिन में सुपरहिट साबित हो चुकी है। अब श्रद्धा कपूर अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। नाम है सायना नेहवाल बायोपिक।

मशहूर बैडमिंटन प्लेयर की कहानी पर काम तेज़ी से चल रहा है। श्रद्धा कपूर ने फिल्म के लिए लुक टेस्ट देना शुरू भी कर दिया है और पहले लुक टेस्ट की तस्वीरें वायरल हो चुकी हैं। और इन तस्वीरों को देखकर कोई रोमांच नहीं लगा। और बात रही श्रद्धा के लुक की तो वो भी ज़्यादा नहीं बदला।

# आखिर क्यों कैमरा देख चेहरा छिपा रही हैं सारा अली खान?

**सैफ** अली खान की बेटी सारा अली खान जल्द केदारनाथ





फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं. इस फिल्म की तैयारी के लिए सारा डांस भी सीख रही हैं. सारा अली खान को कई बार अपने डांस क्लास के बाहर स्पॉट किया गया, जहां वो कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देती नजर आती रही हैं. लेकिन मंगलवार को जब सारा अली खान डांस क्लास से बाहर निकली तो कैमरा देखकर मुस्कुराने की बजाय वो चेहरा छिपाने लगी. सारा अली खान ने ब्लू कुर्ता, सफेद दुपट्टा और पजामा पहना था सारा को देखकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, हो सकता है डांस क्लास में उन्हें कहीं चोट लग गई है.आमतौर पर एक्ट्रेस चेहरा तब छिपाती नजर आती हैं जब वो मेकओवर कराती हैं. अगर ऐसा है तो हो सकता है जल्द सारा के चेहरे पर बदलाव देखने को मिले सारा अली खान हाल ही में मंदिर में दान देते हुए नजर आई थीं.वैसे कैमरे से चेहरा छिपाते हुए सारा अली खान को पहली बार देखा गया है

# आम्रपाली दुबे का इंस्टाग्राम पर बोल्ड डांस, वीडियो वायरल

**आम्रपाली** दुबे अपनी डांस की वजह से भोजपुरी सिनेमा ही नहीं बल्कि देशभर में मशहूर हैं. फिल्मों के अलावा भी वो डांस के कुछ स्टेप्स अपने दर्शकों के लिए इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने एक और वीडियो इंस्टाग्राम पर डाला है जो उनके चाहनेवालों को उनका कायल बना सकता है.

वीडियो में आम्रपाली ओवरसाइज्ड टी-शर्ट और जीन्स पहन कर डांस करती हुई नजर आ रही हैं. इसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा- एडिटिंग में मेरा पहला प्रयास, कृपया मेरे नाइटशूट वाली लूज टी-शर्ट को अनदेखा करें.



उम्मीद है आपको अच्छा लगेगा. वीडियो डालते ही ये लोगों के बीच पॉपुलर होने लगा. लोगों ने आम्रपाली की तारीफ की. किसी ने उन्हें एडोरेबल, कहा, किसी ने खूबसूरत तो किसी ने उनके डांस को पर्फेक्ट करार दिया. आम्रपाली भोजपुरी सिनेमा की बड़ी सुपरस्टार हैं. इसके साथ ही वो भोजपुरी सिनेमा की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री भी हैं.आम्रपाली अपने साथी निरहुआ के साथ डिजिटल मीडिया पर भी धमाल मचाने जा रही हैं. हीरो वर्दीवाला के जरिए ये दोनों सितारे डिजिटल मीडिया पर दस्तक देंगे. इसका निर्देशन महेश पांडे कर रहे हैं.

# जैकलिन ने चोरी-छिपे कर ली थी २०१३ में ही शादी? उन्हीं की जुबानी जानिए सच्चाई

**इन** दिनों बॉलीवुड में किसी न किसी का एक्टर और एक्ट्रेस का नाम एक दूसरे के साथ जुड़ता नजर आता है. कभी आलिया-रणबीर तो वरुण -नताशा, ऐसे न जाने कितने ही कपल हैं जिनके नाम तो एक दूसरे जोड़े जाते हैं लेकिन ये स्टार्स अपने रिश्तों पर कभी मुहर नहीं लगाते हैं. जिस वक्त ये खबर आई थी कि आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा का ब्रेकअप हो गया है उसके कुछ वक्त बाद ही खबरें आने लगी थी कि सिद्धार्थ की नजदीकियां एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिज से बढ़ने लगी हैं. उस दौरान इन दोनों की फिल्म 'अ जेंटलमैन' रिलीज ही होने वाली थी. फिल्म में दोनों के कई स्टीमी सीन भी थे. अब इतने वक्त बाद जैकलिन ने सिद्धार्थ से अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी तोड़ी है. जैकलिन ने शो "Feet Up with the Stars" में अपनी निजी लाइफ को लेकर कई खुलासे किए हैं. उन्होंने सिद्धार्थ से जुड़े अपने नाम को सिर्फ अफवाह बताया है और कहा कि उन्होंने कभी कि अपने किसी को-स्टार को डेट नहीं किया है.

जैकलिन ने कहा कि जब हम फिल्म में काम कर रहे थे और फिल्म प्रमोट कर रहे थे उस दौरान इन खबरों को लेकर अक्सर हैरान हो जाया करते थे.इतना ही नहीं जैकलिन ने अपनी सीक्रेट शादी को लेकर भी इस शो में बात की. एक बीच खबरें थी कि साल २०१३ में ही जैकलिन ने एक बिजनेसमैन से सीक्रेटली शादी रचा ली थी. इस पर बात करते हुए जैकलिन ने कहा कि मैं खुद ये खबरें सुनने के बाद सोच में पड़ जाती हूं... कि मैंने ये कब किया? साथ ही उन्होंने ने इन सब खबरों को बकवास बताते हुए कहा कि उन्होंने कोई सीक्रेट शादी नहीं की है. वो जिस दिन शादी करेंगी सबको इसके बारे में बताएंगी. वहीं, जब शो में उनसे पूछा गया कि वो इस समय किसी को डेट कर रही हैं तो उन्होंने कहा कि वो इस वक्त सिंगल हैं और किसी को डेट नहीं कर रही हैं.



# पार्किंग का होगा कारोबार, होगी अथॉरिटी तैयार



**मुंबई :** व्यावसायिक इमारतों की तरह जल्द ही पार्किंग को व्यवसाय के तौर पर विकसित करने के लिए बिल्डरों को प्रोत्साहित किया जाएगा। देश की पहली पार्किंग अथॉरिटी बना रही बीएमसी पार्किंग की समस्या का अंत करने के लिए इस नई तरकीब पर विचार कर रही है। अब तक बीएमसी से एफएसआई की सुविधा पाने के लिए बिल्डर मुफ्त में पार्किंग बनाकर देते हैं। डिवेलपमेंट प्लान (डीपी) में प्रस्तावित पार्किंग अथॉरिटी को मूर्त रूप देने का प्रयास शुरू हो चुका है। पार्किंग की समस्या का हल निकालने के लिए विभिन्न विकल्प सुझाने को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। उसके बाद अगले कुछ महीनों में अथॉरिटी गठित कर काम शुरू किया जाएगा। पार्किंग और उसकी कमी की वजह से ट्रैफिक की सुस्त चाल की समस्या को हल करने के लिए पूर्व आईएएस रामनाथ झा ने पार्किंग अथॉरिटी बनाने का प्रस्ताव दिया था। मुंबई में हजारों सोसायटियां हैं, जिनके अंदर दिन के समय सदस्यों की गाड़ियां बाहर चली जाती हैं और जगह खाली हो जाती है। ऐसी सोसायटियों में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से उन्हें भी अतिरिक्त कमाई का मौका दिया जाएगा। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इस पर विचार करने की जरूरत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यदि सोसायटी के अंदर प्राइवेट कारों को दिन के समय खड़ा करने की सुविधा मिल जाए, तो बात बन जाएगी। इसमें पुलिस की अनुमति मिलना भी जरूरी है। बीएमसी को देर से ही सही, पार्किंग की समस्या की गंभीरता का एहसास तो हुआ है। अब समय आ गया है कि विदेश की तर्ज पर गाड़ियों की संख्या और पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए सुनियोजित और कड़े कदम उठाए जाएं। अन्यथा सड़कों पर चलने की जगह नहीं बचेगी। पार्किंग अथॉरिटी बनाने के प्रस्ताव पर काम चल रहा है। सलाहकार की रिपोर्ट आ जाने के बाद हम ठोस फैसले ले सकेंगे।

- विजय सिंघल, अडिशनल कमिश्नर, बीएमसी

मुंबई में पार्किंग की जानकारी और उपलब्धता को लेकर टेक्नॉलजी का उपयोग करने के विकल्प पर भी बात चल रही है। इसके तहत लोग गाड़ी चलाते हुए एक क्लिक पर न केवल पार्किंग की उपलब्धता जान सकेंगे, बल्कि उसे बुक भी कर सकेंगे।

बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर विजय सिंघल को पार्किंग अथॉरिटी की कमान सौंपी जाएगी। इसमें बीएमसी के अलावा ट्रैफिक समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। पार्किंग अथॉरिटी के दो विभाग होंगे- एक योजना बनाने के लिए और दूसरा उसे लागू करने के लिए।

# अब नया खेल, ड्रग्स का 'कॉकटेल'

**मुंबई:** नशेड़ियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी धरपकड़ के लिए मुंबई पुलिस की ऐंटि नार्कोटिक्स शाखा और क्राइम ब्रांच ने इन दिनों जबरदस्त मुहिम छेड़ी है। गुरुवार को ऐंटि नार्कोटिक्स सेल ने जहां ९ किलो से अधिक के गांजे समेत ८ लोगों को पकड़ा। वहीं, क्राइम ब्रांच ने हाल में डेढ़ करोड़ रुपये का मफेड्रिन ड्रग्स जब्त किया। प्रशासन की कार्रवाई से जहां नशेड़ियों में हड़कंप मचा है, वहीं पुलिस से बचने के लिए नशे के सौदागरों ने



नई तरकीब निकाली है।

पुलिसकर्मियों की गिरफ्त से दूर: ऐंटि नार्कोटिक्स सेल (एएनसी) से मिली जानकारी के अनुसार, ड्रग्स पैडलरों इन दिनों नशे की दुनिया में एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों किस्म के नए ड्रग्स बाजार में उतार रहे हैं। यह ड्रग्स नए नाम के साथ नशेड़ियों तक पहुंचाए जा रहे हैं। इनमें दो या दो से अधिक ड्रग्स को मिलाकर एक मिश्रण (कॉकटेल) तैयार किया जाता है, जिसे एक नया नाम दिया जाता है। यह नाम पुलिस के लिए नए होते हैं, जिसके चलते जांच एजेंसियों को नए ड्रग्स के बारे में पता नहीं चलता है और नशेड़ी जल्द पकड़े नहीं जाते। नशे के कारोबार पर नजर रखने वाले जानकार बताते हैं कि दो ड्रग्स को मिलाकर तैयार किया गया नया ड्रग्स पहले वाले ड्रग्स के बनिस्पत महंगा होता है। जैसे- हेरोइन और हशीश को मिलाकर 'ब्लैक रशियन', हेरोइन और कोकीन को मिलाकर 'स्पीड बॉल' या 'पैराशूट' और हेरोइन व मारिजुआना के मिश्रण से 'ए-बॉम्ब', जबकि एवरेस्ट या बजूका को कोकीन और मारिजुआना को मिलाकर बनाते हैं। हेलुसिनेशन की दवा फेनसाइक्साइडिन और एल-सटसी को मिलाकर 'पिकाचु' ड्रग्स बनाते हैं। ये सभी कॉकटेल ड्रग्स हैं। इसकी एक डोज की कीमत २ हजार से लेकर ६ हजार रुपये तक होती है। इन कॉकटेल ड्रग्स का इस्तेमाल अधिकतर रेव पार्टियों में होता है, इसलिए कॉकटेल ड्रग्स के ग्राहक ऊंचे तबके से जुड़े लोग हैं।

**ये हैं कॉकटेल ड्रग्स**

अधिक मुनाफा कमाने के मकसद से ड्रग्स में मिलावट की जाती है। ऐसे मिलावटखोरों को पकड़ने के लिए अभी तक कोई खास उपकरण, व्यवस्था या प्रक्रिया उपलब्ध नहीं है, जिससे इनकी आसानी से शिनाख्त की जा सके।

**- शिवदीप लांडे, डीसीपी-एएनसी, मुंबई**

ड्रग्स के सौदागर दो अलग-अलग ड्रग्स को मिलाकर उससे बने कॉकटेल ड्रग्स को नए-नए नाम देकर उसका इस्तेमाल सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए करते हैं।

**- निसार तांबोली, अपराध शाखा के पूर्व डीसीपी**

# सवा लाख एनजीओ का पत्ता हुआ साफ, ६ महीने में हुई कार्रवाई

**संवाददाता**

**मुंबई:** नियमों की अनदेखी और अवहेलना करने वाले एनजीओ पर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मनमानी करने वाले एनजीओ की खबर लेते हुए सरकार ने १ लाख से अधिक एनजीओ को डिरजिस्टर्ड (विपंजीकृत)कर दिया है, वहीं कइयों को नोटिस भी दिया है। आपको बता दें इनका लाइसेंस निरस्त न करके डिरजिस्टर्डकिया गया है। फिलहाल, और भी एनजीओ की जांच चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, डिरजिस्टर्ड होने वाले एनजीओ की संख्या आने वाले दिनों में और भी बढ़ सकती है।

चैरिटी कमिश्नर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले ६ महीने से एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इस दौरान राज्य में १ लाख २० हजार एनजीओ का लाइसेंस डिरजिस्टर्ड कर दिया गया है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में राज्य में तेजी से एनजीओ की संख्या बढ़ी है और इनमें से अधिकतर एनजीओ नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। चैरिटी कमिश्नर से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि जिन एनजीओ के लाइसेंस डिरजिस्टर्ड किए गए हैं, उनमें अधिकतर समाजिक सरोकार से जुड़े एनजीओ हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े राज्य में तकरीबन ७ लाख एनजीओ हैं। इनमें से लगभग सवा लाख एनजीओ मुंबई में हैं। समय-समय पर इन्हें चैरिटी कमिश्नर ऑफिस में संबंधित दस्तावेज जमा करने होते हैं। चैरिटी कमिश्नर शिवकुमार डिगे ने बताया कि हर ५ साल पर एनजीओ मालिक को ऑडिट रिपोर्ट देनी होती है। वहीं, अगर एनजीओ में किसी भी तरह का परिवर्तन किया जाता है, तो उसकी भी जिम्मेदारी मालिक को कमिश्नर ऑफिस में देनी होती है। हालांकि उपरोक्त एनजीओ ने लंबे समय से न तो ऑडिट रिपोर्ट दी थी, न ही दूसरे जरूरी नियमों का पालन किया था। नतीजतन, इनका लाइसेंस फिलहाल डिरजिस्टर्ड कर दिया गया है। डिरजिस्टर्ड करने के अलावा कई एनजीओ को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया है। अगर दिए गए समय में उपरोक्त एनजीओ जवाब नहीं देते हैं, तो उनके भी लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। भले ही सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ एक लाख से अधिक एनजीओ का लाइसेंस डिरजिस्टर्ड किया हो, इनके पास अब भी मौका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगर ये एनजीओ फिर से ऑडिट रिपोर्ट देने के अलावा दूसरे नियमों का पालन करने का आश्वासन देते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## पेंग्विन पर रखी जा रही प्राइवेट निगरानी

**मुंबई :** पेंग्विन की देखरेख के लिए बीएमसी प्राइवेट ठेकेदार नियुक्ति करने जा रही है। ठेकेदार को पेंग्विन एनक्लोजर, लाइफ सपोर्ट सिस्टम, पेंग्विन को अच्छे भोजन सहित विशेषज्ञ डॉक्टर की व्यवस्था करनी होगी। स्थायी समिति में लाए गए प्रस्ताव के मुताबिक, तीन साल के लिए ठेकेदार को १२ करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

## नारियल के पेड़ से गिरकर रेलकर्मी की मौत

**पालघर :** जिले के वाडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पिंपलाश इलाके में रविवार को नारियल के पेड़ से गिरकर २९ वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि युवक कुर्ला स्टेशन पर सफाई कर्मचारी था। मिली जानकारी के अनुसार वाडा के पॉश विलेज निवासी कल्पेश अंकुश माली (२९) अपने परिवार के साथ रहता था। वह कुर्ला स्टेशन पर सफाई कामगार था।

## वसई-विरार मैराथन में आयोजित होगी ५ किमी रेस

**मुंबई :** इस साल ९ दिसंबर को आठवीं वसई विरार मेयर मैराथन का आयोजन होने जा रहा है। ४५ लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली मैराथन में इस साल ५ किलोमीटर की भी एक रेस होगी। यह रेस केवल उन धावकों के लिए है जो पहली बार किसी मैराथन रेस में हिस्सा लेंगे। धावक ४२.१९५ किलोमीटर की फुल मैराथन, २१.०९७ किलोमीटर की हाफ मैराथन और ११ किलोमीटर की रेस में भी दौड़ने के लिए अपना नाम रजिस्टर करवा सकते हैं। इस बार वसई विरार मेयर मैराथन के आयोजकों द्वारा उन धावकों को १० प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है जो इस मैराथन के पिछले दो संस्करणों में भाग ले चुके हैं। फुल मैराथन, हाफ मैराथन और ११ किलोमीटर रेस की रजिस्ट्रेशन फीस ७५० रुपये है जबकि ५ किलोमीटर रेस की रजिस्ट्रेशन फीस ७०० रुपये रखी गई है।

## भाईंदर के तट पर मिली मृत डॉल्फिन

**भाईंदर :** भाईंदर पूर्व के जेसल पार्क चौपाटी पर मृत डॉल्फिन मिला है। खबर मिलते ही आसपास के लोग डॉल्फिन देखने के लिए जमा हो गए। डॉल्फिन की लंबाई तकरीबन सात फीट है। मिली जानकारी के मुताबिक रात दो बजे के आसपास स्थानीय मछुआरों ने डॉल्फिन को खाड़ी के किनारे देखा था। मछुआरों को लगा कि डॉल्फिन तैर कर चली जाएगी, लेकिन सुबह वह मृत मिली। पर्यावरण प्रेमी और पत्रकार धीरज परब के अनुसार समुद्री जीव-जंतुओं की अप्राकृतिक मृत्यु का कारण जल प्रदूषण है। उन्होंने बताया कि कारखानों और गटर का गंदा पानी खाड़ी में बिना जरूरी ट्रीटमेंट के छोड़ा जाता है, जिससे खाड़ी का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है।

## एथेनॉल के दाम बढ़ाने को मंजूरी

**नई दिल्ली:** देश में पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए सरकार कुछ लॉन्ग टर्म फैसले लिए हैं। एथेनॉल के दाम बढ़ा दिए गए हैं और कच्चे तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों को इंसेटिव देने की घोषणा की गई है। इसके दाम में २५ पर्सेंट की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।

## 'रुपये में गिरावट को रोकेगी सरकार'

**नई दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में ज्यादा गिरावट न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक हर संभव प्रयास करेंगे। तेल की बढ़ती कीमतों और फॉरेन फंड की लगातार निकासी के चलते रुपया बुधवार की सुबह अपने अब तक के सबसे निचले स्तर ७२.९१ पर ट्रेड कर रहा था।

## वालीव में रुक नहीं रहा नशे का कारोबार

**वसई:** मंगलवार को वालीव पुलिस ने खाड़ी किनारे चलाई जा रही हाथ भट्टियों पर कार्रवाई कर २ लोगों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस की नशा विरोधी कार्रवाई के बावजूद नशा का कारोबार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार, मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के नायगांव स्थित मालजीपाडा गांव है। हाइवे किनारे यहां कई लॉज, होटल और ढाबे हैं, जो रातभर खुले रहते हैं। शाम ढलते ही यहां शराब व हुक्का बार शुरू हो जाते हैं। इन होटलों में मीरा-भाईंदर और मुंबई तक के लोग आते हैं। हाइवे से सटे खाड़ी किनारों से हर रोज लाखों रुपये की देशी शराब की तस्करी होती है। कई हाथ भट्टियां दिन-रात चालू रहती हैं। पिछले १५ दिन में यहां तीन बार कार्रवाई की गई, लेकिन शराब तस्करों पर इसका कोई खास असर नहीं हुआ। मंगलवार को पुलिस ने लगभग ढाई लाख रुपये का शराब में इस्तेमाल होने वाला सामान नष्ट किया।

## गुटखा माफिया ने पुलिसकर्मी को पीटा

**विरार:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के खानीवडे टोल नाका के पास चैकिंग के दौरान गुटखा माफियाओं ने एक पुलिसकर्मी से मार-पीट कर ली। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक कार, डेढ़ लाख का गुटखा व हजारों की अवैध शराब जब्त की है। विरार पुलिस धारा३५३,३३२,२२४,२२५,१०९,३२३,३३७,३४ के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पालघर पुलिस के एटीएस विभाग में कार्यरत पुलिस हवलदार प्रशांत यशवंत कदम गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की शाम इस टोल नाका के पास अवैध रूप से गुटखा व शराब की तस्करी करने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहा था।

## छात्रा से यौन शोषण, ट्यूटर गिरफ्तार

**मुंबई :** विनोबा भावे नगर पुलिस ने ५५ वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग का यौन शोषण करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पीड़िता को ट्यूशन पढ़ाता था। छात्रा के परिजन पैसे नहीं दे रहे थे। इस बात को लेकर आरोपी और पीड़िता के परिजन में कहासुनी हुई थी। आरोप है कि पीड़िता के साथ आरोपी ट्यूटर ने गलत हरकत की कोशिश क। जोन-५ के डीसीपी विक्रम देशमाने ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# २६४९ करोड़ में बनेंगे मेट्रो-३ के २४८ डिब्बे




- मेट्रो-३ की खासियत
- ३३.५ किलोमीटर लंबा कॉरिडोर
- तीन व्यापारिक हब कोलाबा, बीकेसी, और सीप्ज को जोड़ेगी यह लाइन
- परियोजना की कुल लागत २३,००० करोड़ रुपये
- 'मेक इन इंडिया' की शर्तों का होगा पालन

**संवाददाता**

**मुंबई :** मेट्रो-३ के रोलिंग स्टॉक निर्माण प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित शर्त मेक इन इंडिया के तहत किया जाएगा। इसके मुताबिक रेक में लगने वाला ७५ प्रतिशत कच्चा माल भारतीय होगा। इस शर्त का मुख्य उद्देश्य मेट्रो परियोजना के तहत रोजगार को बढ़ावा देना है।

**संभालनी होगी सिग्नलिंग की भी जिम्मेदारी**

महानगर की एक मात्र भूमिगत मेट्रो लाइन-३ (कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज) का निर्माण कार्य जोरों पर है। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. ने (एमएमआरसीएल) मेट्रो के डिब्बे बनाने का ठेका अल्स्टॉम कंपनी को दिया है। अल्स्टॉम कंपनी पर मेट्रो-३ के लिए २४८ डिब्बे बनाने होंगे। साथ ही सिग्नलिंग का जिम्मा भी संभालना होगा। इसके लिए २६४९ करोड़ रुपये का ठेका मंजूर किया गया। बता दें कि मुंबई मेट्रो-३ का निर्माण कार्य जारी है। खबर लिखे जाने तक अलग-अलग टनल बोरिंग मशीनों से अब तक ८ किलो मीटर लंबी सुरंग तैयार की जा चुकी है। निर्माण कार्य की रफ्तार को ध्यान में रखते हुए एमएमआरसीएल ने रोलिंग स्टॉक का ठेका देने के लिए निविदा मंगाई थी। इस निविदा को खोलने पर अल्स्टॉम कंपनी का नाम सामने आया। सोमवार को २४८ मेट्रो रेका बनाने का ठेका एमएमआरसीएल द्वारा अल्स्टॉम के करार किया गया।

# रोजगार देने वाले पाठ्यक्रम तैयार करें विश्वविद्यालय

**मुंबई :** राज्य में युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी एक चिंता का विषय है। इसे देखते हुए सरकार कौशल्य विकास प्रशिक्षण भी दे रही है, लेकिन इससे बेरोजगारी पर मात नहीं पा मिल रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालय युवाओं को रोजगार देने वाली पाठ्यक्रम तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को मिल रही शिक्षा से रोजगार मिलना चाहिए। युवा स्वयं रोजगार के लिए सक्षम हो, इसके लिए विश्वविद्यालयों को पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ रोजगार देने वाली उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दें। समय की मांग को देखते हुए तकनीकी ज्ञान वाले पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने से बेरोजगारी में कमी आएगी। उन्होंने यह बातें उच्च शिक्षा के लिए गठित माहेड आयोग की बैठक में कही। इसमें माहेड ने विश्वविद्यालयों की तरफ से भेजे गए पाठ्यक्रम की पंचवर्षीय योजना का प्रारूप प्रस्तुत किया था और विशेषज्ञ समिति के सदस्य डॉ. बी. एन. जगताप ने मुख्यमंत्री को बताया कि विशेषज्ञों ने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र के विकास और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने का सिफारिश की है।

# एक दिन में भेजे साढ़े ३ हजार ई-चालान, आगे भी होगी कार्रवाई

**मुंबईः** दो साल पहले भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर जो कार्रवाई की थी, उसे सर्जिकल स्ट्राइक नाम दिया गया था। अब महाराष्ट्र पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जो कार्रवाई की है, उसे भी यही नाम दिया है। ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी राजतिलक रौशन ने बुधवार को एनबीटी को बताया कि नागपुर में २४ घंटे तक चली कार्रवाई में हमने साढ़े तीन हजार से ज्यादा लोगों के ई-चालान काटे। मंगलवार को सुबह ९ से ११.३० तक चली कारवाई में १२८५ और बुधवार को इसी वक्त की गई कार्रवाई में २२७५ ई-चालान काटे गए। पुलिस ने अपनी इस कार्रवाई को सर्जिकल स्ट्राइक ही नाम क्यों दिया/ इसके जवाब में रौशन कहते हैं कि सर्जिकल स्ट्राइक में एक खास पॉइंट को चुनकर उस पर अटैक करना होता है। हमने भी इस बात की पड़ताल की कि किन-किन पॉइंट्स यानी जगहों पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन होता है या जहां सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। इसके बाद फिर हमने इन सभी जगहों पर अपनी फोर्स भी लगाई और कैमरों से भी रिकॉर्डिंग की। मुंबई की तरह नागपुर में भी जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। इनके जरिए भी



**ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पकड़ में आ गए।**

इससे पहले स्वतंत्रता दिवस के दिन एक दिन में साढ़े चार हजार से ज्यादा लोगों के ई-चालान काटे गए थे। महाराष्ट्र के किसी भी शहर में यह अब तक की संभवत: सबसे बड़ी कार्रवाई थी। महाराष्ट्र पुलिस ने यातायात बंदोबस्त को लेकर इधर मुंबई के साथ नागपुर पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया है। नागपुर को महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी भी कहा जाता है। डीसीपी रौशन कहते हैं कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ हमारी यह सर्जिकल स्ट्राइक आगे भी जारी रहेगी। कानूनी कार्रवाई के अलावा पुलिस फिल्म के चर्चित संवादों के पोस्टरों के जरिए लोगों को जागरूक करने का भी काम कर रही है। कुछ दिनों पहले ऐसे ही एक पोस्टर में फिल्म शोले के गब्बर सिंह का फोटो लगा था। साथ में एक बाइक पर तीन लोगों को बैठे भी दिखाया गया था। पोस्टर के नीचे लिखा हुआ था--'बाइक एक, आदमी तीन। यह तो बहुत नाइंसाफी है।'

# राज्य में ७५ हजार प्राध्यापकों पद रिक्त

**मुंबई :** राज्य के विभिन्न कॉलेजों में ७५ हजार अधिक से अधिक प्राध्यापकों का पद रिक्त है। इतनी बड़ी संख्या में पद रिक्त होने से वर्तमान में कार्यरत प्राध्यापकों का काम का तनाव अधिक है। इसमें ९५०० से अधिक पद अनुदानित महाविद्यालयों में है। यह दावा करते हुए शिक्षक संगठन ने सरकार से नाराजगी जताई है।

केंद्रीय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के तहत मुंबई विश्वविद्यालय सहित राज्य के अन्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में २० विद्यार्थियों पर एक प्राध्यापक होना चाहिए। लेकिन महाविद्यालयों में ६० विद्यार्थियों पर एक प्राध्यापक है। इससे महाविद्यालयों के शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। अधिक विद्यार्थी होने की वजह से हर विद्यार्थी पर प्राध्यापकों का ध्यान नहीं रह पाता है। यूजीसी की तरफ से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कई उपक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन प्राध्यापकों की भरती को लेकर राज्य सरकार और यूजीसी के पास समय नहीं है। बॉम्बे यूनिवर्सिटी ऐंड कॉलेज टीचर्स यूनियन (बुक्टू) महासचिव डॉ.मधु परांजपे ने कहा कि शिक्षक सनातन लगातार सरकार से प्राध्यापकों की भरती से लेकर सातवें वेतन आयोग, पेंशन, एक कार्य के लिए समान वेतन सहित अन्य मांगें कर रही है, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिक्षक संगठन आंदोलन की राह पर है।

## जाहिर सूचना

मो. रशीद मो. नासिर पता - डी.४-६१, नासिर धंगेवाला चाल, गांधी नगर, जोगेश्वरी (पूर्व), मुंबई-६० द्वारा हनीफ मोहम्मद बलोच, पता- मोहम्मद नवदीन चाल नं. ३ एम, सुभाष रोड, नियर सेटेलाईट पार्क, मकरानी पाडा, जोगेश्वरी पूर्व, मुंबई - ४०००६० को जनरल पॉवर ऑफ अटॉर्नी , इर्रिकेरेब पॉवर ऑफ अटॉर्नी व मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग दी गई थी, जो कि २ जुलाई २०१८ को नोटिस द्वारा बर्खास्त की गई है। नोटिस स्पीड पोस्ट से भेजी गई है। अगर किसी को आपत्ति हो तो १५ दिन के भीतर मो. क्र. ९८२०७ ५०८८६ पर संपर्क करें।

# कमला मिल: पब मालिकों के खिलाफ कार्यवाई की सिफारिश

**मुंबई,** कमला मिल परिसर में स्थित दो पबों में लगी आग की जांच करने वाली न्यायिक समिति ने अपनी सिफारिशों में इस घटना के लिए उन दो पबों और परिसर के मालिकों को दोषी ठहराया है। साथ ही इनके विरुद्ध काय्रवाई करने की सिफारिश भी की है।



गौरतलब है कि कमला मिल परिसर में स्थित दो पब-रेस्त्राओं 'मोजो बिस्ट्रो' और 'वन अबॉव' में २९ दिसंबर, २०१७ को आग लगने से १४ लोगों की मौत हो गई थी और पांच दर्जन से ज्यादा लोग झुलस गए थे। ये लोग उस समय नए वर्ष की मस्ती में नाच-गा रहे थे। अग्निकांड के बाद पब-रेस्त्राओं के करीब ६ मालिकों और सह-मालिकों को गिरफ्तार किया गया था। इस समिति को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुंबई उच्च न्यायालय की सिफारिश पर गठित किया गया था। समिति के अध्यक्ष एक पूर्व न्यायाधीश थे और दो अन्य सदस्य थे। समिति ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को ही इस कोर्ट को सौंपी थी। बुधवार को इसकी एक प्रति याचिका दायर करने वालों को भी दी गई। जांच में सामने आया है कि इस पूरे परिसर में कोई काम कायदे से नहीं हुआ है और कानूनों की धज्जियां उड़ाई गई हैं। हरित और सुरक्षा मानकों का कतई ख्याल नहीं रखा गया है।

**उत्पाद शुल्क अधिकारी दोषी**

रिपोर्ट में राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों को भी दोषी माना गया। रिपोर्ट का कहना है कि उत्पाद शुल्क पर्यवेक्षक एबी चाकस्टर और निरीक्षक संदीप मोरे और विजय थोराट ने दोनों पबों में हुए लाइसेंस संबंधी नियमों के उल्लंघन को नजरअंदाज किया।

**कमला मिल परिसर कायदे-कानूनों की धज्जियां उड़ा रहा था**

समिति ने अपनी सिफारिशों में कमला मिल के सह-मालिक रमेश गोवाणी और दोनों पबों के मालिकों के मालिकों के विरुद्ध 'उचित दंडात्मक काय्रवाई' करने को कहा है। कमला मिल परिसर में गोवाणी की ९५ प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है और यहां अनेक रेस्त्रां, पब, प्राइवेट ऑफिस, बैंक आदि हैं। पिछले सप्ताह ही यहां के एक अन्य पब 'तमाशा' में आग लग गई थी। जब यह हादसा हुआ था, 'तमाशा' में भी सुरक्षा संबंधी कई अनियमितताएं पाई गई थीं और कोर्ट के कहने पर इसके कामकाज को रोक दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन मालिकों ने कोई भी कायदा-कानून नहीं माना। साथ ही इन पबों-रेस्त्रां में कोई प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी नहीं था, जो संकट के समय ग्राहकों को बचा सके। साथ ही वहां हुक्कों का उपयोग हो रहा था, जो कानून के विरुद्ध था, क्योंकि पब मालिकों ने इनके लिए कोई लाइसेंस नहीं लिया था। ऐसी जघन्य घटनाओं को रोकने के लिए समिति ने अपनी रिपोर्ट में सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

# दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर ने बनाया बीमा एजेंट को ठग

## रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी

**संवाददाता**

**मुंबई :** बीमा कंपनी में एजेंट का काम करनेवाले शख्स को दिल्ली के ठग से दोस्ती करना भारी पड़ गया। खुद को प्रॉपर्टी डीलर बतानेवाले उक्त ठग ने रेल मंत्री पीयूष गोयल से अच्छे संबंधों का झांसा देकर लोगों को रेलवे में नौकरी दिलाने और बदले में मोटा कमीशन कमाने का लालच दिया। रेल मंत्री पीयूष गोयल के निजी सचिव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके दोनों ठगों को गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि वसई निवासी बीमा एजेंट रुफुस डाबरे ने रेल मंत्री को ई-मेल पर मेल करके पूछा था कि उसने रेलवे में कुछ युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर उनके (रेलमंत्री) परिचित मंजीत सिंह चिलोत्रा को पैसे दिए हैं उन्हें नौकरी कब तक मिलेगी? यह मेल मिलने के बाद रेल मंत्री के निजी सचिव प्रवीण गेडाम ने एमआरए मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस उपायुक्त अभिषेक त्रिमुखे के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदम के नेतृत्व में एमआरए मार्ग पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि बीमा के सिलसिले में डाबरे की मुलाकात दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर चिलोत्रा से हुई थी। चिलोत्रा ने डाबरे को बताया कि रेलवे में आरपीएफ और दूसरे पदों के लिए बड़ी संख्या में भर्ती हो रही है। रेल मंत्री पीयूष गोयल का उसमें कोटा है। रेल मंत्री से उसके अच्छे तालुकात हैं। वह रेलवे में किसी की भी नौकरी लगवा सकता है। उसने डाबरे से कहा कि बीमा में थोड़ा-थोड़ा पैसा कमाने की बजाय लोगों को रेलवे में नौकरी दिलवाकर मोटा कमीशन पाओ और पुण्य भी कमाओ। उसके झांसे में आकर डाबरे ने अपने मुहल्ले में रहनेवाले ७ युवकों को नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए लेकर चिलोत्रा को दे दिए। पुलिस ने डाबरे और चिलोत्रा को गिरफ्तार कर लिया जबकि ५ अन्य की तलाश कर रही है।






# संक्षिप्त न्युज

## पेपर किया वायरल, स्कूल पर गिरी गाज

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का दसवीं का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद पूरे मामले में कई गिरफ्तारियां भी हुईं थीं। अब पेपर वायरल मामले में बोर्ड की गाज मुंब्रा के किडीज पैराडाइज इंग्लिश स्कूल पर गिरी है। सोमवार को स्टेट बोर्ड के मुंबई विभाग ने स्कूल की मान्यता रद्द करने की घोषणा की है। साथ ही, स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को नजदीकी स्कूल में दाखिला देने का भी निर्देश दिया है। बोर्ड की दसवीं की परीक्षा मार्च और अप्रैल में आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले कुछ पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। पुलिस की जांच में मुंब्रा के किडीज पैराडाइज इंग्लिश स्कूल से पेपर लीक होने की बात सामने आई। इसके मामले में बोर्ड की तरफ से भी एक जांच समिति गठित की गई थी। बोर्ड ने समिति के सिफारिश पर अमल करते हुए इसी शैक्षणिक वर्ष (२०१८-१९) से स्कूल की मान्यता रद्द कर दी। बोर्ड के मुंबई विभाग के सचिव डॉ. सुभाष बोरसे ने कहा कि स्कूल की मान्यता रद्द होने की सूचना दे दी गई है।

## दही हंडी देखने गई नाबालिग से छेड़छाड़

**विरार :** मुंबई के खार स्थित जव्हार नगर की एक ३५ वर्षीय महिला ने अर्नाला पुलिस स्टेशन में रविवार को उसके परिचित युवक पर बलात्कार का मामला दर्ज करवाया है। महिला ने आरोप लगाया कि युवक ने उसकी अश्लील फोटो इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर उससे ३० हजार रुपये लिए है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस धारा ३७६,३२८,३८४, ३२३,५०६ के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच में जुटी है।

## भिवंडी बाइक दुर्घटना में एक की मौत

**भिवंडी :** पड़घा के पास स्थित राजधानी ढाबा से खाना खाकर मोटरसाइकल से घर लौट रहा हिदायतुल्लाह अब्दुल कयूम खान (२२) मुंबई-नासिक महामार्ग पर मानकोली ब्रिज के पास ट्रक से टकरा गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकल पर पीछे बैठा मो. नासिर चौधरी (२१) गंभीर रूप से घायल हो गया। नासिर को कलवा स्थित शिवाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एयर इंडिया: यौनाचार के आरोप में GM को हटाया

**मुंबई :** सरकारी विमान कंपनी एयर इंडिया ने यौनाचार के एक मामले में अपने बड़े अधिकारी जनरल मैनेजर को उसके पद से हटा दिया है। अब वह कमांडर पद पर तैनात होंगे। उसके विरुद्ध एयर इंडिया की एक एयर होस्टेस ने यौनाचार का आरोप लगाया था। उसने इस आरोप के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु को भी पत्र लिखा था। एयर होस्टेस ने आरोप लगाया था कि वह उसे पिछले ६ साल से तंग कर रहा था।

## ८३९ मैनहोल किए बंद

**मुंबई :** बीएमसी ने मुंबई उच्च न्यायालय को बताया है कि उसने शहर के बाढ़ वाले इलाकों के सभी मैनहोल को स्टील के ढक्कन से ढंकने का काम पूरा कर लिया है। न्यायाधीश आर.एम सावंत के कोर्ट को बीएमसी ने बताया कि अब तक इन इलाकों में ८३९ मैनहोल को ढंका गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक इन मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगा दिए जाते हैं, तब तक वहां कोई चेतावनी जैसे संकेत होना चाहिए ताकि लोग समझ सकें कि वहां मैनहोल है और वह खुला हो सकता है।

## दस्ती, बलात्कार फिर ब्लैकमेलिंग

**नालासोपारा :** पालघर पूर्व के मोरेगांव इलाके में रविवार को दहीहंडी का कार्यक्रम देखने गई एक १७ वर्षीया लड़की से क्षेत्र के एक युवक ने पहले तो छेड़छाड़ की और बाद में उसकी जमकर पिटाई कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। साथ ही पीड़िता की सहेली से भी मारपीट की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस धारा ३५४,३४१, ३२३,५०४ पोक्सो ७,८ के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशेड़ी है और हाल ही में हत्या के आरोप में जेल से छूटा है।

## कामत को श्रद्धांजलि

**मुंबई :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुरुदास कामत को बीएमसी सभागृह में श्रद्धांजलि देकर सभा स्थगित कर दी गई। अगस्त महीने में लगातार पांचवी बार कामकाज नहीं हुआ। कामकाज के लिए ३१ अगस्त को सभा बुलाई गई है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेविकाओं को लेकर पहली बार कामकाज स्थगित किया गया था, जिसके बाद के.करुणानिधि, सोमनाथ चटर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थगन किया गया।

## सिडको ने शुरू की जर्जर घरों की मरम्मत

**नवी मुंबई:** नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में समाहित और करीब दो से तीन दशक पहले सिडको की तरफ से बनाए गए अनेक घरों की छतें जर्जर हो चुकी हैं। प्लास्टर की मरम्मत सिडको ने शुरू कर दी है। इस संदर्भ में एनसीपी के नगरसेवक विशाल डोलस अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर भी बैठ गए थे। सिडको पर चारों तरफ से जर्जर हुए घरों की छतों को दुरुस्त करने का दबाव बनाया था। स्थानीय निवासियों व नगरसेवकों ने सिडको पर आरोप लगाए थे कि सिडको ने इन घरों को बेहद घटिया गुणवत्ता के साथ बनाया था। सिडको के विरुद्ध अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने से पहले विशाल डोलस पूर्व सांसद संजीव नाईक के साथ सिडको के एमडी से मुलाकात कर आंदोलन की जानकारी भी दी थी।

## वॉचमैन के खाते से निकाले ३९ हजार रुपये

**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गौराईपाडा इलाके में एक वॉचमैन के खाते से अज्ञात युवक ने ३९ हजार रुपये निकाल लिए। जानकारी के अनुसार, गौराईपाडा स्थित आशा नगर निवासी शंकर पदम सोनी (४३) वॉचमैन की नौकरी करता है। शुक्रवार को उसे एक अज्ञात शख्स ने कॉल किया और बताया कि वह बैंक कर्मचारी है। आपका एटीएम कार्ड नंबर की जांच करनी है। आप कार्ड का पिन नंबर बताएं। सोनी उसके झासे में आ गया और अपना पिन नंबर बता दिया, जिसके कुछ देर बाद ही शख्स ने उसके अकाउंट से तीन बार बीस हजार, नौ हजार व दस हजार रुपये निकाल लिए।

## सफाले में महिला ने लगाई फांसी

**पालघर :** जिले के सफाले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के वेढि इलाके में ४० वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, हेमांगी दीपक भोईर अपने परिवार के साथ रहती थी। ४ दिन पहले उसने अज्ञात कारणों की वजह से घर के हॉल में लगे पंखे के हुक पर नायलॉन की रस्सी से फांसी लगा ली। उसी वक्त पति दीपक भोईर आ गया। उसने फौरन रस्सी काटी, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे विरार-पश्चिम के विजय बल्लभ हॉस्पिटल में रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## केकड़ा पकड़ने गए व्यक्ति की मौत

**पालघर:** मोखाडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मध्यवर्ती वैतरना खाड़ी डैम में गुरुवार को केकड़ा पकड़ने गए २८ वर्षीय युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोखाडा के कडुचिवाडी निवासी जितेश पंडित कडू गुरुवार को पास स्थित वैतरना डैम में केकड़ा पकड़ने गया था। डैम में पानी का स्तर ज्यादा होने के चलते उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## पेट्रोल पंप से कैश लेकर नौकर फरार

**विरार:** पूर्व के चंदनसार रोड स्थित एक पेट्रोल पंप से डेढ़ लाख रुपये कैश लेकर नौकर फरार हो गया। पंप मालिक की शिकायत पर पुलिस धारा ३८१ के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी नौकर की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, विरार-पश्चिम निवासी अंतोज जॉन रॉड्रिक्स (६६) का पूर्व चंदनसार रोड, साईनाथ नगर स्थित इंडियन ऑयल, जॉन ऐंड सन्स नामक पेट्रोल पंप है।

# सरकार को १० हजार करोड़ का चूना

## लॉटरी माफिया चौरसिया बंधुओं को पुलिस का संरक्षण?

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई ।** देश को हजारों करोड़ों का चूना लगाने वाले ऑनलाइन लॉटरी को रोकने में राज्य एवं केंद्र सरकार क्यों नाकाम है? क्योंकि २०१७ और २०१८ में अवैध ऑनलाइन लॉटरी संचालकों के खिलाफ जो कार्यवाही हुई थी वह नाकाफी साबित हो रही है, क्योंकि फिर से उन्हीं आरोपियों द्वारा वेब पोर्टल बदलकर ऑनलाइन लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक प्रतिदिन करीब १० से १५ हजार करोड़ के इस खेल में सरकार को टैक्स के नाम पर फूटी कौड़ी भी नहीं मिलती। इस मामले की लिखित शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता जावेद अहमद खान ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई पुलिस आयुक्त व संबंधित विभागों को की है।





गौरतलब है कि इससे पहले भी भाजपा अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चौरसिया पर आईपीसी की धारा ४९४ के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद आरोपियों को जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद फिर से उन्हीं लोगों ने अपना वेब पोर्टल का नाम बदलकर अवैध रूप से ऑनलाइन लॉटरी का धंधा शुरू कर दिया है।

बताया जाता है कि तेजी से फल फूल रहे इस धंधे का जाल देश के कई राज्यों में फैला है, इतना ही नहीं अवैध रूप से चलनेवाली ऑनलाइन लॉटरी का मास्टरमाइंड इसे विदेशों में भी विस्तार करता जा रहा है। कयास लगाया जा रहा है कि विदेशों में मामला थमने के बाद यहां की टीम देश के अन्य घोटालेबाजों की तहत पुलिस और देश के कानून से दूर विदेश भाग सकते हैं। इन बातों का अभ्यास होते ही आरटीआई कार्यकर्ता जावेद खान ने १० अगस्त २०१८ को सिर्फ इस मामले की सख्ती से जांच व कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत की प्रती उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई पुलिस आयुक्त, फाइनेंस मिनिस्टर महाराष्ट्र सरकार, होम मिनिस्ट्री और विपक्षी दलों व संबंधित विभागों को भी दिया है। पत्र में कहा गया है कि अवैध रूप से ऑनलाइन लॉटरी चलाने वाला रमेश और अचल चौरसिया द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी कर रहे है।

चौरसिया बंधुओं और मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशन में दर्जनों मामले दर्ज हैं। इन पर सख्ती से कार्रवाई नहीं होने के कारण दोनों ने फिर से एक टीम बनाई है, जो देश के अन्य राज्यों में फैलती जा रही है। इसके अलावा टैक्स बचाने के लिए टीम का मास्टरमाइंड सरकार को गुमराह कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले को १९ मार्च २०१८ को विपक्षी नेता धनंजय मुंडे ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उठाया था, इस मुद्दे को विधायक अनिल परब व अन्य विधायकों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए मुंबई साइबर सेल ने गेम किंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मालिक रमेश चौरसिया को गिरफ्तार किया था, हालांकि गिरफ्तारी की भनक लगते ही चौरसिया बंधुओं ने gamekingindia.com से बदलकर www. planet goonline.com रख दिया इसके बावजूद साइबर सेल में www.gamekingindia और www. planet goonline.com को बंद कर दिया। जावेद खान के अनुसार इसके बावजूद पिता पुत्र द्वारा अवैध रूप से ऑनलाइन लॉटरी का धंधा वसई (प.) स्थित चौरसिया बंधुओं के घर से चलाया जा रहा है।

आरटीआई कार्यकर्ता जावेद खान के अनुसार मौजूदा समय में राजा चौरसिया और मुन्ना और उसका भाई रमेश चौरसिया इस खेल को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। जावेद खान के अनुसार चौरसिया बंधुओं द्वारा सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी बड़े पैमाने पर चूना लगाया जा रहा है। इस गैंग का पर्दाफाश करते हुए इन लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उक्त पत्र के अनुसार मुंबई साइबर सेल की जांच पड़ताल में साफ किया गया था कि इस ग्रुप द्वारा प्रतिदिन ५ करोड़ का टर्नओवर किया जाता है। ऐसे में अगर मुंबई पुलिस की माने तो चौरसिया बंधु सालाना १८००० करोड का धंधा करते है, लेकिन टैक्स के नाम पर सरकार को ठेंगा दिखा देते हैं। इस तरह २०१२-२०१३ से हिसाब लगाया जाए, तो इन लोगों ने सरकार से करीब १० हजार करोड़ की चोरी की है। बताया जाता है कि सरकार सेवा ऑनलाइन लॉटरी चलाने के मामले में २०१७ से अब तक करीब १९ मामले दर्ज हो चुके है, इसके बावजूद ऑन लाइन लॉटरी का धंधा चरम पर है।

# ‘स्मार्ट’ हो रहे हैं मुंबईकर

**मुंबई :** रेलवे किसी भी तरह से यात्रियों को बुकिंग खिड़कियों की बजाय वैकल्पिक टिकटिंग प्रणाली की ओर मोड़ना चाहती है। इसके लिए हाल ही में एटीवीएम जोन बनाने से लेकर कॉर्पोरेट दफ्तरों में यूटीएस ऐप का प्रचार किया जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ है कि पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में केवल २५ दिनों में १.२५ लाख लोगों ने यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड की है।




**यहां चला था अभियान**

पश्चिम रेलवे द्वारा यूटीएस मोबाइल ऐप के प्रचार के लिए ६ अगस्त से १६ अगस्त २०१८ और २० अगस्त से ३० अगस्त २०१८ तक इसके १७ महत्त्वपूर्ण उपनगरीय स्टेशनों चर्चगेट, दादर, माहिम, बांद्रा, सांताक्रुज, विले पार्ले, अंधेरी, गोरेगांव, मालाड, कांदिवली, बोरीवली, दहिसर, मीरा रोड, भाईंदर, वसई रोड, नालासोपारा और विरार स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से नॉन कैश टिकटिंग की जानकारी दी गई।

पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में अप्रैल से अगस्त २०१७ के बीच मोबाइल के जरिए केवल ३९,४७६ सीजन टिकटों की बिक्री हुई थी। २०१८-१९ में अप्रैल से अगस्त के बीच यह आंकड़ा बढ़कर १,३०,५१७ हो गया है। यदि रोजाना बिकने वाले कार्ड टिकटों की बात की जाए, तो अप्रैल-अगस्त २०१७-१८ में जहां कुल ४,३६,४७४ टिकट मोबाइल के जरिए बिके थे, यह आंकड़ा अप्रैल-अगस्त २०१८-१९ में बढ़कर १५,५६,९१३ हो गया है। वैकल्पिक टिकटों में वृद्धि का असर अप्रैल से अगस्त २०१७-१८ के मुकाबले इतने ही महीनों में २०१८-१९ में इस बार बुकिंग खिड़कियों से तकरीबन ४ लाख टिकट कम बिके। जहां बुकिंग खिड़कियों पर ४.४ प्रतिशत की कमी आई है, वहीं एटीवीएम के जरिए टिकटों की बिक्री में ३.८९ प्रतिशत और यूटीएस ऐप के जरिए २५६ प्रतिशत वृद्धि हुई है।

‘इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को इस अतिरिक्त लाभ के बारे में जानकारी देना और अधिक से अधिक लोगों को इस डिजिटल टिकटिंग माध्यम की ओर जोड़ना था। मोबाइल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने के क्रम में रेलवे ने तीन महीने की अवधि के लिए प्रत्येक आर-वैलेट रिचार्ज पर ५ प्रतिशत बोनस देने की घोषणा की है।’

**-रविंद्र भाकर (मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम रेलवे)**

TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287
Taufeek Caterers
Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order
Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है
CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ
कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-
(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®
Jogeshwari
★ We Have No Branch ★
Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046
: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.
Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह